सुप्रभात
रांची, सोमवार
26.02.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 224

12 ससुराल में अभिनेत्री रकुल सिंह ने बनायी पहली डिश

## न्यूज डायरी

### बिहार के कैमूर में सड़क हादसा, 9 लोगों की मौत

**पटना।** कैमूर में रविवार को भीषण सड़क हादसे 9 लोगों की मौत हो गयी। घटना मोहनिया थाना क्षेत्र के एनएच-2 स्थित देवकली के समीप की है। एक स्कॉर्पियों कई गाड़ियों को टक्कर मारते हुए एक ट्रक की चपेट में आ गया। मरने वाले 8 लोग स्कॉर्पियो में सवार थे। एक बाइक चालक की भी मौत हो गयी। स्कॉर्पियो सासाराम की तरफ से वाराणसी की ओर जा रही थी। बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरे लेन में चली गयी। दूसरे लेन में आ रहे एक कंटेनर ने जबरदस्त टकर मार दी।

### लातेहार में युवक की गोली मारकर हत्या

**लातेहार।** बरियातू थाना क्षेत्र के टोटी हेसला गांव निवासी ओमप्रकाश गुप्ता (35) की अज्ञात अपराधियों ने शनिवार की देर रात घर में घुस कर गोली मारकर हत्या कर दी। परिजनों ने बताया कि रात में घर के लोग खाना खाने के बाद सो गये थे। इसी बीच रात को अचानक गोली चलने और ओमप्रकाश के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब परिजन कमरे से बाहर निकले तो देखा कि ओमप्रकाश घायल अवस्था में जमीन पर पड़ा था। परिजन उसे अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### पटाखा फैक्ट्री में धमाका, चार की मौत

**कौशांबी।** यूपी के कौशांबी में रविवार को एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका के बाद आग लग जाने से 4 लोगों की मौत हो गयी। कई अन्य घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धमाका क्यों हुआ इसके बारे में अभी जानकारी नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बसपा सांसद रितेश पांडेय भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली।** बसपा से उत्तर प्रदेश की आंबेडकर नगर लोकसभा सीट से सांसद रितेश पांडेय रविवार को भाजपा में शामिल हो गये। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी एवं राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख डॉ संजय मयूख की उपस्थिति में श्री पाण्डेय ने भाजपा की विधिवत सदस्यता ग्रहण की।

### पैसे की मांग पूरी नहीं होने पर प्रेमिका का गला काटा

**धनबाद।** पैसों की डिमांड पूरा नहीं होने से नाराज प्रेमी ने प्रेमिका का गला रेतकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। फिलहाल युवती गंभीर स्थित में इलाजरत है। मामला धनबाद के धनसार थाना क्षेत्र स्थित बरमसिया का है। धनबाद के केंदुआडीह पांच नंबर में रिश्तेदार के यहां रहने वाली प्रियंका कुमारी पिछले चार वर्षों से धनबाद के बरमसिया का रहने वाले एक युवक सूरज यादव ( बिहार निवासी) से प्यार करती थी। अस्पताल में इलाजरत पीड़ित युवती ने कहा कि उसके कथित प्रेमी ने उसे रविवार की सुबह बरमसिया मिलने के लिए बुलाया था।

# द्वारका को छूने की वर्षों की इच्छा पूरी हुई : मोदी

- समुद्र में डूबे द्वारका के किये दर्शन, गहरे पानी में लगाया ध्यान
- श्रीकृष्ण के चरणों में मोर पंख सौंपा, कहा यहां प्रार्थना करना दिव्य अनुभव

एजेंसी

**देवभूमि द्वारका।** पीएम मोदी ने रविवार को गहरे समुद्र में और उस स्थल पर जा कर प्रार्थना की, जहां जलमग्न द्वारका नगरी है। द्वारका जिले के पंचकुई समुद्र के नीचे द्वारका में पूजा भी की। वहां जा कर उन्होंने ध्यान भी लगाया। द्वारका नगरी में श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। भगवान श्री कृष्ण के चरणों में उनकी सबसे प्यारी चीज मोर पंख भी भेंट किया। उन्होंने कहा, यह अनुभव भारत की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक जड़ों के साथ एक दुर्लभ और गहन संबंध की प्रस्तुति थी। द्वारका को छूने की इच्छा पूरी हुई। जलमग्न द्वारका शहर में प्रार्थना करना बहुत ही दिव्य अनुभव था। मुझे आध्यात्मिक वैभव और शाश्वत भक्ति के एक प्राचीन युग से जुड़ाव महसूस हुआ। भगवान श्री कृष्ण हम सभी को आशीर्वाद दें। अपने गुजरात दौरे के क्रम में पीएम मोदी ने स्कूबा डाइविंग के सहारे समुद्र में डूबी पौराणिक द्वारका नगरी के अवशेष देखे। इस दौरान समुद्र के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।



### द्वारकाधीश का दर्शन आसान होगा

मोदी ने यहां 4,150 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। बाद में एक जनसभा में उन्होंने कहा आज मुझे सुदर्शन सेतु के लोकार्पण का भी सौभाग्य मिला है। 6 साल पहले मुझे इस सेतु के शिलान्यास का अवसर मिला था। ये सेतु ओखा को बेट द्वारका द्वीप से जोड़ेगा। ये सेतु द्वारकाधीश के दर्शन भी आसान बनाएगा और यहां की दिव्यता को भी बढ़ायेगा। मैं भगवान कृष्ण की कर्मस्थली द्वारका धाम के सामने सिर झुकाता हूं। यहां सब कुछ है भगवान कृष्ण की इच्छा से ही होता हैं। मैं आज भावनाओं से भरा हुआ हूं। दशकों पुराना सपना आज पूरा हो गया।

### समुद्र में जाकर किये 'दर्शन'



पीएम मोदी ने बाद में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, "आज मैंने उन क्षणों का अनुभव किया जो हमेशा मेरे साथ रहेंगे। मैं समुद्र की गहराई में गया और प्राचीन द्वारका शहर के 'दर्शन' किये। पुरातत्वविदों ने द्वारका शहर के बारे में बहुत कुछ लिखा है पानी के अंदर छुपी हुई। हमारे धर्मग्रंथों में भी द्वारका के बारे में कहा गया है कि यह खूबसूरत दरवाजों और दुनिया की चोटी जितनी ऊंची इमारतों वाला शहर था। 'भगवान कृष्ण ने खुद इस शहर का निर्माण किया था। जब मैं समुद्र की गहराई में चला गया, मुझे दिव्यता का अनुभव हुआ। मैंने द्वारकाधीश के सामने सिर झुकाया। मैं अपने साथ एक मोर पंख ले गया और उसे भगवान कृष्ण के चरणों में रख दिया। मैं हमेशा वहां जाने और प्राचीन द्वारका शहर के अवशेषों को छूने के लिए उत्सुक था। मैं आज भावनाओं से भरा हुआ हूं, दशकों पुराना सपना आज पूरा हो गया। पीएम मोदी द्वारका में सुदर्शन सेतु का लोकार्पण करने आये थे, जिसकी आधारशिला उन्होंने साल 2017 में रखी थी।

पीएम ने दी झारखंड को स्वास्थ्य सेवाओं की सौगात

## रिम्स में 50 बेड के सीसीयू की मोदी ने रखी आधारशिला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पीएम मोदी ने रविवार को झारखंड में विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं का ऑनलाईन उदघाटन किया। इसमें रिम्स में बननेवाला 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) भी शमिल है। इसके अलावा पीएम अभीम कार्यक्रम के दौरान मोदी ने देवघर जिले में तीन सीएचसी, सारठ, पीएचसी, सोनाराई थारही, पीएचसी मारगो मुंडा का भी उद्घाटन किया। आधारशिला परियोजनाओं के तहत दो बीएससी नर्सिंग महाविद्यालयों का उद्घाटन किया। इसमें दुमका फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज दीघी एवं कोडरमा मेडिकल कॉलेज झूमरी तिलैया शामिल है। आधारशिला परियोजनाओं के तहत सीसीबी-50 बिस्तरों का सीसीबी गढ़वा सदर अस्पताल में, 100 बिस्तरों का सीसीबी गिरीडीह सदर अस्पताल में, 50 बिस्तरों का सीसीबी रांची सदर अस्पताल में, 50 बिस्तरों का सीसीबी के लिए पाकुड सदर अस्पताल में उद्घाटन किया गया।



### बन्ना गुप्ता ने जताया आभार

इस मौके पर रिम्स के शैक्षणिक भवन में ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मौके पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने राज्य के हित में विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं के शुभारंभ के लिए पीएम मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमें तत्परता के साथ कार्यों को करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है। कोविड के दौरान रिम्स के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने जिस तरह अपनी सेवा दी उसकी कितनी भी प्रशंसा की जाये वह कम है। भविष्य में भी यहां सुविधाएं और भी बेहतर की जायेगी। खासकर गरीब मरीजों को बेहतर इलाज दिया जायेगा। डॉक्टरों से सभी को उनसे आशाएं भी बहुत होती है। इस मौके पर सांसद संजय सेठ, विधायक समरी लाल, सीपी सिंह तथा स्वास्थ्य विभाग और रिम्स के तमाम अधिकारी मौजूद थे।

**क्या है मामला:** राज्य के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स में मरीजों के इलाज के लिए नये-नये विंग की शुरूआत की जा रही है। अब रिम्स में 50 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण कराया जाना है। इसका शिलान्यास रविवार को पीएम मोदी ने ऑनलाइन किया। नया क्रिटिकल केयर विंग बन जाने से गंभीर मरीजों के इलाज में आसानी होगी। वहीं एडमिट मरीजों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेगी। सीसीयू का निर्माण प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत किया जा रहा है। सीसीयू में आइसोलेशन बेड और वेंटिलेटर बेड भी होंगे। हर बेड पर ऑक्सीजन की सुविधा भी होगी। रिम्स कैंपस स्थित पावर हाउस के पास इसका निर्माण होगा।

# शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने की ओर बढ़ रहे : सीएम

भोगनाडीह में अबुआ आवास के लाभुकों को सौंपा स्वीकृति पत्र, कहा

- हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का मिलेगा मौका
- मजबूत राज्य बनाने की दिशा में बढ़ चुके कदम
- समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी सशक्त बनायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/बरहेट।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि हम अपने शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनायेंगे। झारखंड को इस तरह संवारेंगे कि यहां किसी के साथ कोई भेदभाव और अन्याय नहीं होगा। सभी को पूरे मान- सम्मान के साथ हक- अधिकार प्राप्त होगा। वह रविवार को साहिबगंज जिला के बरहेट प्रखंड स्थित भोगनाडीह में आयोजित अबुआ आवास योजना कार्यक्रम में बोल रहे थे। साहिबगंज, गोड्डा एवं पाकुड़ के 24 हजार से अधिक लाभुकों को स्वीकृति पत्र सौंपा। साथ ही डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त की राशि के रूप में 73 करोड़ 59 लाख 60 हजार रुपये हस्तांतरित किये। (शेष 11 पर)



### झारखंड से भेदभाव होता रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद 19 वर्षों तक झारखंड को जो अधिकार और सुविधाएं मिलनी चाहिये, वह नहीं मिला। इस राज्य के साथ हमेशा भेदभाव होता रहा। 2019 में जब हेमंत बाबू के नेतृत्व में सरकार बनी तो हम अपने अधिकार के लिए लगातार आवाज उठाते रहे। लेकिन, इसका कोई सार्थक नतीजा नहीं निकला। हमारी सरकार राज्य के 20 लाख गरीबए जरूरतमंद और आवास विहीन लोगों का पक्का आशियाना होने का सपना करेगी। सीएम ने कहा, हम अपने पूर्व सीएम हेमंत की राह पर चलकर उन्हीं की सोच के अनुरूप झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम कर रहे हैं।

### अपनी बुनियाद को कर रहे मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का जो आर्थिक सामाजिक, भौगोलिक परिवेश है, उसी के अनुरूप योजनाओं को बनाकर धरातल पर उतरने का काम कर रहे हैं। हम अपनी आर्थिक, सामाजिक शैक्षणिक और स्वास्थ्य जैसी उन सभी व्यवस्थाओं को मजबूत कर रहे हैं। इसकी बदौलत यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़े, गरीब और जरूरतमंद आगे बढ़ सकें। हर वर्ग और तबके को सशक्त बनने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार अपने बलबूते 20 लाख गरीब और जरूरतमंद लोगों को तीन कमरे का पक्का मकान देने का निर्णय लिया है। सरकार द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निरूशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। गरीब बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिये स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गये हैं। राज्य सरकार के सहयोग से आदिवासी, दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक बच्चे विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सरकार राज्य वासियों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने जा रही है। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, विधायक स्टीफन मरांडी, प्रदीप यादव एवं दीपिका पांडेय, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे और संताल परगना के आयुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति तीन स्टूडेंट्स को देंगी चांसलर मेडल

28 को एक घंटे सीयूजे में रहेंगी द्रौपदी मुर्मू, 64 को मिलेगा गोल्ड मेडल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय रांची (सीयूजे) का तीसरा दीक्षांत समारोह 28 को होगा। समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन स्टूडेंट्स को चांसलर मेडल देंगी। रविवार को विवि के वीसी क्षिति भूषण दास (केबी दास) ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स में दीक्षांत समारोह को लेकर काफी खुशी है। समारोह में 2021 और वर्ष 2022 में उत्तीर्ण स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट दिये जायेंगे। कुल उत्तीर्ण 1539 स्टूडेंट्स में से लगभग 917 ने समारोह के लिए पंजीकरण कराया है। इस कार्यक्रम में 3 को कुलाधिपति पदक, 64 को गोल्ड मेडल और 35 को पीएचडी डिग्री भी दी जायेगी। राष्ट्रपति एक घंटे ही यूनिवर्सिटी के सभागार में रहेंगी। इस दौरान झारखंड के राज्यपाल, सीएम, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और अन्य विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। समारोह के दौरान राष्ट्रपति के हाथों 3 चांसलर मेडल स्टूडेंट्स को मिलेंगे। शेष गोल्ड और पीएचडीधारियों को मेडल उनके जाने के तुरंत बाद उसी दिन वितरित किए जाएंगे। छात्रों के लिए ड्रेस कोड सफेद कुर्ता-पजामा और छात्राओं के लिए साड़ी रखा गया है। (शेष 11 पर)



### भारत जीत से 152 रन दूर, स्कोर 40/0

**रांची।** रविचंद्रन अश्विन के 5 और कुलदीप यादव के 4 विकेट की बदौलत इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 145 रन पर ही ढेर हो गयी। भारत को 192 रन का लक्ष्य मिला है। भारत ने इसके जवाब में बिना विकेट गंवाये 40 रन के साथ तीसरे दिन की समाप्ति की। इससे पहले चौथे टेस्ट के तीसरे दिन भारत ने 219/7 से आगे खेलते हुए ध्रुव जुरेल ने भारत को 307 तक पहुंचाया। हालांकि वह शतक से चूक गये। 149 गेंदों पर 6 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 90 रन पर आउट हो गये।

## लोहरदगा के बगडू में दो नाबालिग से गैंगरेप

- तीन नाबालिक समेत 11 ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**किस्को (लोहरदगा)।** जिले के बगडू थाना क्षेत्र में दो नाबालिक युवतियों से गैंग रेप का मामला प्रकाश में आया है। बगडू जामुन टोली विद्यालय के समीप सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार शनिवार देर शाम चोरगाई एवं बगडू के 11 युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, इनमें तीन नाबालिग लड़के भी शामिल हैं।

### बर्थडे पार्टी से लौट रही थी दोनों

बगडू थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव की रहने वाली तीन नाबालिग शनिवार को अपनी एक सहेली का बर्थडे मनाने सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा गयी थी। पार्टी के बाद तीनों देर शाम अपने घर लौट रही थी। एक तो अपने घर चली गयी, जबकि दो नाबालिग अपने एक परिचित के यहां बगडू थाना क्षेत्र में ही एक गांव में रुक गयी। इसी बीच देर रात 11 लोग उनके घर पर पहुंचे और सभी ने दुष्कर्म को अंजाम दिया। रविवार को दोनों पीड़िता ने बगडू थाना पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। पीड़ित नाबालिग की बयान के आधार पर बगडू थाना कांड संख्या 05/24 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने बताया कि इस मामले को लेकर कुल 11 लोग को गिरफ्तार किया गया है। जिसमे 3 नाबालिग में शामिल है। लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा को तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिया।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख




# आज गांव-गांव में ड्रोन दीदी की हो रही है चर्चा

### मन की बात में नारी शक्ति पर जोर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को मन की बात के 110वें एपिसोड में लोगों को संबोधित करते हुए नारी शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा, कुछ वर्ष पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में, गांव में रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ायेगी, लेकिन आज ये संभव हो रहा है। आज तो गांव-गांव में ड्रोन दीदी की इतनी चर्चा हो रही है, हर किसी की जुबान पर नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी ये चल पड़ा है। हर कोई इनके विषय में चर्चा कर रहा है। एक बहुत बड़ी जिज्ञासा पैदा हुई है। पीएम मोदी ने कहा, दोस्तों कुछ दिनों बाद 8 मार्च को हम महिला दिवस मनायेंगे। यह विशेष दिन देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है। महान कवि भरतियार जी ने कहा है कि दुनिया तभी समृद्ध होगी जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। (शेष 11 पर)

### प्राकृतिक खेती को बढ़ा रही महिलाएं



पीएम मोदी ने कहा, आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी-शक्ति पीछे रह गयी हो। एक और क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है, वो है प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता। केमिकल से हमारी धरती मां को जो कष्ट हो रहा है, जो पीड़ा हो रही है, जो दर्द हो रहा है हमारी धरती मां को बचाने में देश की मातृशक्ति बड़ी भूमिका निभा रही है। देश के कोने-कोने में महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को विस्तार दे रही हैं। पीएम मोदी ने कहा, आज अगर देश में 'जल जीवन मिशन' के तहत इतना काम हो रहा है तो इसके पीछे पानी समितियों की बहुत बड़ी भूमिका है। इस पानी समिति का नेतृत्व महिलाओं के ही पास है। इसके अलावा भी बहनें-बेटियां, जल संरक्षण के लिए चौतरफा प्रयास कर रही हैं।

### अब तीन माह तक नहीं होगा 'मन की बात' का प्रसारण

पीएम मोदी ने कहा, देश में लोकसभा चुनाव का माहौल है और जैसा कि पिछली बार हुआ था, संभावना है कि मार्च के महीने में आचार-संहिता भी लग जायेगी। राजनीतिक मर्यादा का पालन करते हुए लोकसभा चुनाव के इन दिनों में अब अगले 3 महीने 'मन की बात' का प्रसारण नहीं होगा। अब जब आपसे 'मन की बात' में संवाद होगा तो वो 'मन की बात' का 111वां एपिसोड होगा। अगली बार 'मन की बात' की शुरूआत 111 के शुभ अंक से हो तो इससे अच्छा क्या होगा। ये 'मन की बात' की बहुत बड़ी सफलता है कि बीते 110 एपिसोड में हमने इसे सरकार की परछाई से भी दूर रखा है। 'मन की बात' में देश की सामूहिक शक्ति की बात होती है, देश की उपलब्धि की बात होती है। ये एक तरह से जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा तैयार होने वाला कार्यक्रम है।

### तीन नक्सली ढेर, आइइडी धमाके में एक जवान शहीद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाये गये आइइडी में रविवार को विस्फोट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के एक हेड कांस्टेबल शीहद हो गये। वहीं सुबह कांकेर में सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आइइडी धमाका बीजापुर जिले में मिरतुर थाना क्षेत्र के बेचापाल पदमपारा गांव के पास दोपहर हुई। सीएएफ का एक दल इलाके सर्च अभियान पर था। जब यह दल शिविर के पास पहुंचा, तो सीएएफ की 19वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल राम आशीष यादव का पैर गलती से प्रेशर आइइडी पर पड़ गया और विस्फोट होने से उनकी मृत्यु हो गयी।

**मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर :** इससे पहले सुबह कांकेर में सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गये। कांकेर एसपी ने बताया कि जिला रिजर्व गार्ड और सीमा सुरक्षा बल की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी तभी कोयलीबेड़ा क्षेत्र के एक जंगल में यह मुठभेड़ हुई।

## आज का राशिफल
### 26 फरवरी 2024

**मेष** : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनेंगे। शुभांक-३-६-९

**वृष** : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-३-५-७

**मिथुन** : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-४-६-७

**कर्क** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-२-५-६

**सिंह** : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-२-५-७

**कन्या** : सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-३-६-७

**तुला** : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-५-७-९

**वृश्चिक** : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-३-६-७

**धनु** : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-३-५-६

**मकर** : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-१-४-५

**कुंभ** : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-२-५-७

**मीन** : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। शुभांक-२-४-६

# टीआरएल संकाय में बनेगा संग्रहालय : कुलपति

### प्राचीन कला, संस्कृति और भाषा को किया जायेगा संरक्षित






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मधुर स्मृतियों के साथ जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय की ओर से आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम मधु स्मृति रविवार को संपन्न हो गया। मौके पर रांची विवि के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि इस विभाग के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का अहम योगदान है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अध्ययन जारी रखा और विभाग को मुकाम हासिल करने में सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की बहुत सी प्रचानी भाषाएं अब विलुप्ति के कगार पर है, पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का यह कर्तव्य है कि हम प्राचीन कला, संस्कृति और भाषा अक्षुण्ण कैसे रखें, इस पर सहयोग करें। कुलपति ने कहा कि विवि प्रशासन जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में एक संग्रहालय बनाने पर भी विचार कर रहा है, जिससे यहां की कला, संस्कृति, सभ्यता और भाषा को संरक्षित करने में सहयोग मिलेगा। डॉ श्यामा प्रसाद विवि के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भाषा और संस्कृति को संरक्षित करने में यहां के विद्वानों का अभूतपूर्व योगदान है। झारखंड आंदोलन के बौद्धिक जागरण में भी इस विभाग के शिक्षक, विद्यार्थियों के योगदान के हमेशा याद किया जाएगा। झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू ने कहा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग झारखंड की संस्कृति का प्रतिबिंब है। यहां पढ़ाई जाने वाली नौ भाषाएं यहां के नवरत्न है। भाषायी विविधता के बावजूद हम एक हैं। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के समन्वयक सह आयोजन के अध्यक्ष डॉ हरि उरांव ने कहा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय से पढ़कर दूर-दूर तक विद्यार्थी अपनी और विभाग का पहचान स्थापित करा रहे हैं। राजनीति, प्रशासन, समाजसेवा और शिक्षक सहित अन्य क्षेत्रों में यहां के विद्यार्थी परचम लहरा रहे हैं। भविष्य में समाजहित के लिए भी यह संगठन मधुस्मृति कार्य करेगा। मौके पर उपाध्यक्ष डॉ सबिता केशरी, डॉ खालिक अहमद, डॉ गीता कुमारी सिंह, डॉ मनय मुंडा, कुमारी शशि, बंधु भगत, डॉ मेरी एस सोरेंग, महासचिव डॉ किशोर सुरीन, सचिव युवराज कुमार, सह सचिव बबलू कुमार, संदीप कुमार महतो, मानिक कुमार, श्याम सुंदर यादव, सुखराम उरांव, कोषाध्यक्ष डॉ बंदे खलखो, उप कोषाध्यक्ष सरिता कुमारी, कार्यक्रम समन्वयक श्रीकांत गोप, उप कार्यक्रम समन्वयक विजय आनंद, अजय कुमार दास, मीडिया प्रभारी डॉ बीरेंद्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, आईटी सेल कुमार चाणक्य, सदस्य फूलदेव उरांव, सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

## अंगिका समाज ने चलाया नारायण सेवा कार्यक्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश अंगिका समाज ने रविवार को नारायण सेवा कार्यक्रम रविवार को जगन्नाथपुर मंदिर, धुर्वा में चलाया। मौके पर नारायणों के बीच अंगिका समाज ने भोजन पैकेट का वितरण किया गया। इसके पूर्व अंगिका समाज के सभी पुरुष-महिलाओं ने मंदिर में प्रवेश कर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन शुभद्रा की पूजा-अर्चना किए और समाज की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर डॉ श्रीमोहन सिंह, मह मोहन रजक, नवीन चन्द्र चौधरी, डॉ.अनुरंजिता सिंह, प्रद्युम्न प्र० सिंह, डॉ. एस.के. पी. सिंह, दीपक कुमार सिंह, अरुण कुमार, आलोक कुमार, जीवेश सिंह सोलंकी, दिलीप प्र० सिंह, विनय कुमार सिंह संयोजक, धुर्वा क्षेत्र, अमित कुमार, नेहा ठाकुर, कंचन प्रभा, अंकिता कुमारी, धनंजय चौधरी, राजीव कुमार, कुमार मिल्टन, राजीव कुमार, दिवाकर कुमार सिंह, श्रेय कुमार, नवेश कुमार पाण्डेय आदि ने सहयोग किया।

## कोरियाई कंपनी के 13 इंजीनियर्स सीयूजे में करेंगे हिन्दी की पढ़ाई

### हंगकू स्टडी यूनिवर्सिटी और सीयूजे के बीच करार, झारखंड की कला, संस्कृति से भी होंगे रूबरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग के 13 सॉफ्टवेयर इंजीनियर हिन्दी भाषा की पढ़ाई करेंगे। कोरिया की हंगकू स्टडी यूनिवर्सिटी और सीयूजे के बीच हुए एमओयू के आधार पर इन इंजीनियरों को इसका लाभ मिलेगा। केंद्रीय यूनिवर्सिटी के फॉर इस्ट लैंग्वेज विभाग में ये चयनित इंजीनियर पढ़ेंगे।

इस संबंध में हंगकू यूनिवर्सिटी ने कंपनी से आने वाले इंजीनियर्स की सूची केंद्रीय यूनिवर्सिटी को सौंप दी है। ये इंजीनियर्स हिन्दी के अलावा भारतीय संस्कृति एवं खासकर झारखंड की संस्कृति के बारे में भी समझने का प्रयास करेंगे। फॉर इस्ट लैंग्वेज डिपार्टमेंट के प्रोफेसर और प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर शशि कुमार मिश्रा के मुताबिक केंद्रीय यूनिवर्सिटी के वीसी के आदेश पर इस प्रोग्राम के तहत झारखंड की आदिवासी कला एवं संस्कृति से संबंधित कक्षाएं भी इंजीनियरों के लिए आयोजित की जाएंगी। झारखंड की भाषाई एवं प्राकृतिक विविधता इत्यादि से संबंधित व्याख्यान का भी आयोजन किया जायेगा।

**इंजीनियरों का यहां आकर हिन्दी पढ़ना एक बड़ी उपलब्धि**

श्री मिश्रा ने बताया कि सैमसंग कंपनी के इंजीनियरों का यहां आकर हिन्दी पढ़ना वाकई बड़ी उपलब्धि है। आने वाले दिनों में इसके दूरगामी परिणाम दिखेंगे। इस प्रोग्राम की रूपरेखा वीसी प्रो केबी दास के दक्षिण कोरिया के दस दिवसीय प्रवास के दौरान तैयार की गयी थी। उन्होंने अपने दौरे के दौरान हंगकू विदेशी भाषा अध्ययन यूनिवर्सिटी, केम्योंग यूनिवर्सिटी एवं बुसान विदेशी भाषा अध्ययन यूनिवर्सिटी का दौरा किया था। भारत एवं इसकी उभरती अर्थव्यवस्था, देश की नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कोरियाई स्टूडेंट्स के लिए भारत का महत्व जैसे विषयों पर व्याख्यान दिया था। इसके बाद आपस में समझौता ज्ञापन सौंपा गया था. अब धीरे-धीरे इसका परिणाम सामने आने लगा है। आगे आने वाले दिनों में और भी बहुत कुछ दिखेगा। यह सब आने वाले दिनों में सीयूजे के शैक्षणिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

## महिला शिक्षित होगी तो पूरा जेनरेशन शिक्षित होगा : अबु बकर सिद्दीकी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कुल्लियातूल बनात परहेपाट रातु, का शैक्षणिक प्रदर्शनी और वार्षिक समरोह सह इनामी प्रतियोगीता का आयोजन रविवार को अंजुमन प्लाजा हॉल में किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के खान सचिव अबुबकर सिद्दीकी ने कहा कि महिला शिक्षित होगी तो पूरा जेनरेशन शिक्षित होगा।बच्चे और बच्चियों को हर कंपटीशन के लिए तैयार रहना होगा। अपनी काबिलियत को समझना होगा। उन्होंने आगे कहा कि हिफ्ज-ए-कुरान की दौलत दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है। कुरान के पढ़ने और पढ़ाने वाले दोनों खुश नसीब हैं। अल्लाह और उसके रसूल के बताए रास्ते पर चलकर ही लोगों को कामयाबी मिल सकती है। हमें दुनिया की शिक्षा के साथ-साथ दीनी तालीम भी हासिल करनी चाहिए ,जिससे दुनिया के साथ-साथ आखिरत की भी तैयारी हो सके। वहीं अपने अध्यक्षीय भाषण में शाहनवाज अहमद खान ने कहा की शिक्षा का अर्थ केवल यही नहीं की किताबे रट लिये। शिक्षा की प्रक्रिया तभी पूर्ण कही जा सकती है जब आप अर्जित ज्ञान का सदुपयोग करने में सक्षम हों। इस मौके पर मौलाना सैयद तहजीबुल हसन, समी आजाद, मौलाना साबिर, मौलाना रिजवान, मुफ्ती अनवर कासमी, मौलाना आबुलकलाम, डॉक्टर एस्टी अहमद, डॉक्टर एम अख्तर, मौलाना रफीक नदवी, मौलाना खुर्शीद, मौलाना एजाज, मौलाना सलीम उद्दीन, मौलाना तारिक, मौलाना अब्दुल मुबीन, मौलाना नसीम, अधिवक्ता सुलतान, अधिवक्ता सरफराज, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी के महानगर महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनी निशा महतो




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरेन्द्र कुमार जायसवाल ने रांची निवासी निशा महतो को राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी का रांची महानगर महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद पर तत्काल प्रभाव से मनोनित किया है। श्री जायसवाल नें निशा महतो को निर्देश दिया है कि आप अपने कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वाह पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक करेंगी और पार्टी की नीति एवं सिद्धांतों को जनता के बीच प्रचार-प्रसार कर समाज के सभी वर्ग के महिलाओं को पार्टी में अधिक से अधिक जोड़कर संगठन को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी। निशा महतो के पार्टी का रांची महानगर महिला मोर्चा के अध्यक्ष बनने पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सेवक कुमार शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामचन्द्र साहु, राष्ट्रीय सचिव निपु सिंह, मनोहर महतो, अंजू कुमारी, रांची महानगर ओब्रीसी मोर्चा के अध्यक्ष सियाराम यादव, इनदर चौधरी, विक्रम राय, कमला पंडित, बसंती महतो, मंजू देवी, सिकंदर कच्छप, प्रदीप संगा, समीम अंसारी, विक्रम कुमार सिंह, सुन्दर ताँती इत्यादि ने बधाई दी है।

## खबर एक नजर में

### डॉ आनंद शेखर झा बने झारखंड मिथिला मंच के अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड मिथिला मंच के कार्यालय में सियाराम सरस के अध्यक्षता मे आम सभा की गई।इसमे नये कार्यकारिणी का गठन आज किया गया। सर्वसम्मति से डा आनंद शेखर झा को अध्यक्ष, मिथिलेश मिश्र को महासचिव और सुनील कुमार झा को कोषाध्यक्ष के रूप मे चुना गया। मंच के स्वयंसेवक निशिकान्त पाठक ने डा आनंद शेखर झा का नाम प्रस्तावित किया। इसे उपस्थित स्वयंसेवको ने कर्तलध्वनि के साथ समर्थन किया। मंच के मुख्य संरक्षक के रूप मे पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को मनोनित किया गया। डा आनंद शेखर झा ने 17 मार्च को होली मिलन समारोह को रंगारंग और पारंपरिक तरीके से मनाने का निर्णय किया। इस बार होली मे मिथिला के नामचीन कलाकार होली गीत प्रस्तुत करेंगे। मुख्य रूप से शशिचंद्र झा पवन झा, मनोज झा, नीरज चौधरी, राजेश राय बिनोद झा, संजित झा, सुजीत झा, राधे यादव, निशिकान्त पाठक एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

### जीडी गोयनका के बच्चों ने लगायी दौड़




**रांची।** हरमू स्थित जीडी गोयनका टोडलर हाऊस का वार्षिक खेलकूद समारोह 'स्पोर्ट्स फेस्ट' रविवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों के मार्च पास्ट एवं राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. इरम नेहाल व उप प्राचार्य सत्या सिन्हा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए छात्रों से कहा कि न सिर्फ पढ़ाई से बल्कि खेलकूद के माध्यम से भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने खेलकूद को जीवन में उत्साह का संचार करने वाला बताया। मौके पर गुब्बारा फोड़, नींबू - चम्मच दौड़, टॉफी - बिस्किट दौड़ आदि मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम के विजेताओं को पदक ( मेडल) व प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया।

### सातवीं फेड्रेशन कप वुशु प्रतियोगिता संपन्न

**रांची।** ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम मे चल रहे 7वीं फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता मे झारखण्ड टीम ने पदको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर राजस्थान और तीसरे स्थान पर असम की टीम रही। झारखण्ड की तरफ से इस लीग मे खेलते हुए झारखण्ड की आस्था उरांव एवं एल प्लेटोदीप सिंह ने ताउलु मे तीन तीन स्वर्ण पदक जीते। गोल्ड जीतने वाले खिलाड़ीयों में निशांत तिर्की,तारा कुमारी, श्रेया कुमारी, सोनाली कुमारी, शिवम उरांव, ललन यादव, अंकित कुमार, आकाश उरांव, संजना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, तनुश्री, साकिब अंसारी, सोनी मिंज,प्रिया गाड़ी, आस्था उरांव, मनीष मुंडा, एल प्लेटोदीप सिंह,आस्था उरांव रही। सिल्वर जीतने वालों में डॉली कुमारी, अंकित कुमार, रोहित कुमार और ब्रोज मे सोमनाथ सिंह कंचन तिग्गा,तनुश्री, संजना कुमारी, कुसुम कुमारी आकाश उरांव, सोनी मिंज शामिल हैं। मौके पर मुख्य अतिथि धीरसेन ए सोरेन राज्य परियोजना पदाधिकारी के द्वारा फेडरेसन कप वुशु प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के बिच मेडल, ट्रॉफी और पदक प्रदान किये गए।

### दिव्या भारती की 50वीं सालगिरह मनी



**रांची।** फिल्म अदाकारा रहीं दिव्या भारती का 50वीं सालगिरह रविवार को निवारणपुर में स्थित क्षितिज मूक बधिर विद्यालय में धूमधाम के साथ पत्रकार व कलाकार परवेज कुरैशी ने मनाया। उन्होंने बताया कि दिव्या भारती एक बेहतरीन अभिनेत्री थीं, उनकी हर फिल्म मनोरंजन के साथ साथ समाज में साकारात्मक संदेश देने का काम करती थी। साथ ही इसी बहाने हम जरुरत मंद बच्चों के बीच कुछ खुशियां भी बांटने का सौभाग्य मिल जाता हैं। आपको बताते चलें की कुरैशी लगभग 31 वर्षो से लगातार दिव्या भारती का जन्मदिन मनाते चले आ रहे हैं। दिव्य भारती का जन्म 25 फरवरी 1974 और मृत्यु 5 अप्रैल 1993 को हुई थी।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्ण भंडारे का आयोजन

रांची। श्री कृष्ण प्रणामी 137वां अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण रविवार को किया गया। एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वाधान मे आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 1300 से ज्यादा श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण मे स्थित श्री राज श्यामा (श्री राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण में संस्था के सदस्यों एवं श्रद्धालुओ के संयुक्त तत्वाधान मे सत्संग भजन कीर्तन का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,पुर्णमल सर्राफ, बिष्णु सोनी,पवन पोद्दार,विशाल जालान,कमल जालान,सुरेश अग्रवाल,शिव भगवान अग्रवाल,ओमप्रकाश सरावगी,धीरज गुप्ता,चन्द्रदिप साहु, परमेश्वर साहु महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल,सुनीता अग्रवाल, उर्मिला पाडिया,रश्मी,ऋतिका निकिता अग्रवाल,शकुन्तला केजरीवाल,प्रमिला पुरोहित, मंगला मोदी आदि सदस्य उपस्थित थे। यह जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

## झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट का इनॉग्रेशन, पहले दिन खेले गये छह मैच



**रांची।** झारखंड अधिवक्ता मंच रांची के तत्वावधान में झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार, द रांची प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह के द्वारा किया गया। पहला मैच झारखंड हाईकोर्ट रांची के साथ इंडियन एसोसिएशन आफ लॉयर्स क्रिकेट रांची के बीच खेला गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्लेयर क्रिकेट रांची ने मैच को 21 रनों से जीत लिया। सुभाष सोरेन एंड एसोसिएट एंड द बार ब्रैडर्स को वॉकओवर मिला। तीसरा मैच केदार साहू एंड एसोसिएट एवं एडवेंचर क्लब के बीच खेला गया। द एडवेंचर क्लब 14 रनों से जीत गई। चौथा मैच गुमला बार एसोसिएशन बनाम डीआरटी की हुई, जिसमें गुमला की टीम 9 विकेट से जीत हासिल किया। पांचवा मैच कालाकोट सात बनाम झारखंड हाईकोर्ट ग्रीन पैंथर के बीच हुई, जिसमें कालाकोट 65 रनों से विजयी हुई। छठवें मैच में झारखंड हाईकोर्ट बनाम डी बर्बाद ब्रदर्स के बीच हुई। जिसमें झारखंड हाई कोर्ट की टीम 64 रनों से जीत हासिल की। क्रिकेट टूनार्मेंट में मुख्य अतिथि के रूप में द रांची प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, प्रभात खबर के वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार, नागरिक परिषद के अध्यक्ष उत्तम कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता केदार साहू, किशोरी देवी, विनोद सिंह, प्रकाश सिंह आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सरकार दो गज जमीन भी नहीं दे सकी भगत सिंह को : उत्तम




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हजारों युवाओं के साथ भगत सिंह की प्रतिमा स्थापना के मुद्दे पर राष्ट्रीय युवा शक्ति द्वारा रविवार को आक्रोश मार्च पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार से केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव के नेतृत्व में निकाला गया। जिसमें सभी युवाओं ने हाथ में तिरंगा एवं कट आउट लेकर पहाड़ी मंदिर से राजभवन तक मार्च निकाला गया, तत्प्ात राजभवन पहुंचने पर अनि्ितकालीन धरना में तब्दील हो गया। मौके पर अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि 1 वर्ष होने को है प्रशासन के द्वारा एवं नगर आयुक्त के द्वारा कई दौर का वार्ता हुआ नगर निगम का चक्कर लगाते लगाते थक गए आज मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ा, भगत सिंह सिर्फ एक महान क्रांतिकारी नहीं वरण हमारी विरासत भी हैं और अपनी विरासत को संरक्षित रखते हुए उन्हें जीवित रखना हमारा धर्म है। इस कार्यक्रम में में मुख्य रूप से जगदीश सिंह जग्गू, दिलीप गुप्ता उमेश साहू, रवि कुमार, वीरेंद्र गोप, सावन लिंडा, रंजन माथुर, रोहित यादव, निखिल गुप्ता, आर्यन मेहता, बबलू सिंह, नितेश वर्मा, शैलेश नंद तिवारी, विजय तिर्की, मोनू विश्वकर्मा, मिथिलेश सिंह, दुलारी देवी, लक्ष्मी साहू, प्रीति सिन्हा जायसवाल, ममता कुमारी, चंद तिवारी, मन्नू चौधरी पिंटू लाल, विनय सिंह, अभिषेक बंटी यादव, पिंटू बजाज, शंकर यादव, संतोष शर्मा, संजय तिवारी, राहुल गुप्ता, इंद्र पासवान, उत्तम पाल, सोनू गुप्ता, जिमी गुप्ता, अनुराग तिर्की राहुल कुमार, आयुष गोप, सत्येंद्र सिंह, गौरी शंकर प्रसाद, मंटू वर्मा, आकाश सिन्हा, आर्यन गुप्ता, मिकी कुमार, शाहित हजारों की संख्या में सदस्य शामिल हुए।

# राजधानी रांची में अकीदत के साथ मनाया गया गुनाहों पर माफी मांगने वाला पर्व शब-ए-बरात

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** गुनाहों से मगफेरत (माफी) और पुरखों के लिए प्रार्थना करने वाला पर्व शबे बरात रविवार को अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। पर्व के मद्देनजर मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लों में दिन भर चहल-पहल रही। सुबह से ही घरों पर्व के विशेष पकवान हलुआ आदि बनाने में महिलाएं जुट गई थीं। शाम तक नजरों नियाज का सिलसिला जारी है। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने अपने घरों सहित मस्जिदों में खुदा की इबादत की। इस दौरान लोगों ने नमाज-ए-ईशा के बाद नफिल नमाज अदा करने के साथ ही कुरान-ए-पाक की तिलावत की। वही अपने घर के मरहमीनो के नाम से भी सिरनी फातिहा कराया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों के इंतजामिया कमेटी द्वारा मस्जिद को सजाया गया। के मद्देनजर प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई थी। कब्रिस्तानों, मस्जिदों, आस्तानों के पास पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी।

## पिछले एक वर्ष से ऑनलाइन ठगी का हो रहा था संचालन

# मकान मालिक से मारपीट के दौरान 7 साइबर अपराधी पकड़ाये, जांच में मिले 20 लाख नगद व 110 सिमकार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के न्यू नगर स्थित रोड नंबर 6 में किराये के घर में पिछले एक वर्ष से ऑनलाईन ठगी गिरोह चलाया जा रहा था, लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। गिरोह का खुलासा शनिवार को तब हुआ जब किराए पर रहने वाले साइबर अपराधियों ने मकान मालिक से ही मारपीट शुरू कर दी। हंगामा सुनकर जब स्थानीय लोग जमा हुए तो सभी सात अपराधी अपने-अपने बैग लेकर भागने लगे। इसके बाद घेराबंदी कर लोगों ने सभी को पकड़ा और जांच की। जांच के दौरान सभी के बैग से काफी संख्या में लैटपटॉप के अलावा 110 सीमकार्ड और मोबाइल मिला। 50 से ज्यादा एटीएम मिले। इसके बाद सभी को एक कमरे में बंद कर कड़ाई से पूछताछ की।

पूछताछ के दौरान पकड़े गए अपराधियों ने ऑनलाइन ठगी की बात को स्वीकार कर लिया। पूछताछ के दौरान बगल के घर में किराए पर लिये गए एक कमरे में रखे गए आलमीरा में पैसा छुपाकर रखने की बात कही। साइबर अपराधियों को लेकर जब लोग उस कमरे में पहुंचे तो आलमीरा से 20 लाख नगद बरामद हुआ। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को गिरफ्तार कर ली। युवकों के बैग में नोटो की कई और गड्डियां थी जिसे पुलिस मौके पर नहीं गिन सकी। नोट की गड्डियां और लैपटॉप समेत अन्य सामानों से भरा बैग के अलावा सभी आरोपियों को लेकर पुलिस थाना चली गई। रविवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस कांफ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया।

### विद्यार्थी और इंजीनियर की दी थी पहचान

किराए पर कमरा लेकर रहने वाले सभी साईबर फ्रॉड मकान मालिक के समक्ष अपना अलग-अलग पेशा बता रखा था। कोई खूद को विद्यार्थी तो कोई सॉफ्टवेयर इंजीनियर बताया था। मकान मालिक को इस कदर विश्वास में ले रखा था रांची आने के बाद भी सिटू सिंह किराएदार के कमरे में झांकने नहीं जाते थे। इसका सभी साइबर अपराधी खूब फायदा उठा रहा था और पूरे घर को ही साइबर फ्रॉड का हब बना दिया था।

### पटना में रहते थे मकान मालिक और उनके घर पर विद्यार्थी बनकर रहते थे साइबर फ्रॉड

बोकारा और गिरिडीह समेत अन्य जिलों से आए साइबर फ्रॉड दीपाटोली के न्यू नगर के रोड नंबर 6 स्थित सिटू सिंह के मकान में पिछले कई महिने से किराए पर शरण ले रखा था। मकान मालिक सिंटू सिंह सरकारी नौकरी करते हैं और फिलहाल अपने परिवार के साथ बिहार स्थित पटना में रहते हैं। जब कभी ही वे अपने घर की देख-रेख के लिए रांची आते हैं। इस दौरान साइबर अपराधी अपना पूरा दिनचर्या ही बदल देता था ताकि मकान मालिक को किसी प्रकार का कोई शक ना हो। मकान मालिक को वापस पटना जाते ही सभी ठगी के धंधे में लिप्त हो जाते थे और अलग-अलग सिमकार्ड से फोन कर लोगों को ऑनलाइन गेम खेलने का झांसा देते हुए ठगी की घटना का अंजाम देता था।

# कशिश डेवलपर्स के संचालक ने नहीं दी रंगदारी तो ध्वस्त कर दी चहारदीवारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी से सटे कांके क्षेत्र में रंगदारों और जमीन पर कब्जा करने वालों का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि आम लोग इनके आतंक से पनाह मांग रहे हैं। इसी क्रम में अपराधियों ने होचर गांव में कशिश डेवलपर्स लिमिटेड की चहारदीवारी ध्वस्त कर दिया। मजदूरों को रहने के लिए झोपड़ी और कमरे में तोड़फोड़ कर दी गयी। घटना 20 फरवरी 2024 की रात की है। रंगदारों ने दिनदहाड़े ध्वस्त कर दिया और झोपड़ी में आग लगा दी। कंपनी के केयरटेकर पंकज कुमार साहू ने कांके थाना में आवेदन दिया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कांके थाना द्वारा कार्रवाई नहीं होने और प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने को लेकर पंकज साहू ने ग्रामीण डीएसपी, ग्रामीण एसपी, एसएसपी को आवेदन देकर रंगदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगायी है। इस संबंध में कांके थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा ने कहा कि जांच के बाद ही इस मामले पर कोई कार्रवाई की जायेगी।

# टेस्ट मैच देखने जेएससीए स्टेडियम पहुंचे राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रविवार को भारत-इंग्लैंड के बीच चल रहे चौथा टेस्ट मैच देखने जेएससीए स्टेडियम पहुंचे। इन दौरान उन्होंने न सिर्फ मैच देखा, बल्कि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया।

# नैतिक मतदान के संदेश वाली वीडियो सीरीज संस्कारी मास्टरजी का आज होगा विमोचन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक पूर्व नैतिक मतदान अर्थात एथिकल वोटिंग को लेकर राज्य भर में एक सकारात्मक माहौल बनाने के लिए वीडियो सीरीज संस्कारी मास्टरजी को सोमवार को रिलीज किया जाएगा। इस वीडियो सीरीज के विभिन्न शॉर्ट वीडियोज के माध्यम से मतदाताओं से अपील करने का प्रयास किया जाएगा कि वे आगामी चुनावों में बिना किसी लोभ, लालच और भय के मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर स्वविवेकपूर्ण निर्णय से अपने पसंदीदा उम्मीदवार को चुनें। इन वीडियो अपीलों के माध्यम से समावेशी मतदान के लिए भी सकारात्मक माहौल बनाया जाएगा अर्थात अति-वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग-जनों, थर्ड जेंडर आदि वर्गों की भी मतदान प्रक्रिया में शत-प्रतिशत भागीदारी के लिए उन्हें प्रेरित करने की कोशिश की जाएगी।

**वीडियो सीरीज के माध्यम से मतदाताओं से बिना किसी लोभ, लालच और भय के मतदान करने की अपील करने का किया जायेगा प्रयास**

वीडियो सीरीज का विमोचन सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान वीडियो सीरीज में भाग लेने वाले कलाकार भी मौजूद रहेंगे। विमोचन कार्यक्रम के बाद राज्य भर में मध्याह्न 12 बजे से एक बजे के बीच सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर संस्कारी मास्टर जी अभियान भी चलाया जाएगा।

# सांसद संजय सेठ ने सड़क निर्माण का किया शिलान्यास



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पंडरा स्टील चौक डिफेंस कॉलोनी में रविवार को अजय जायसवाल के घर से सुधीर सिंह के घर तक पीसीसी सड़क का शिलान्यास सांसद संजय सेठ ने किया। सांसद को मुहल्ले के सैकड़ों नागरिकों के द्वारा उस क्षेत्र के अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया गया। सांसद ने यथाशीघ्र समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया।

# फिशरीज व एक्वाकल्चर फोरम में मत्स्य विभाग के स्टॉल को मिला प्रथम पुरस्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/कोलकाता।** झारखंड सरकार के मत्स्य विभाग की उपलब्धियों में एक और नया आयाम जुड़ गया है। मछली उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता लाने की ओर अग्रसर झारखंड सरकार का मत्स्य निदेशालय नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कोलकाता के विश्व बंगला कंवेक्शन सेंटर में झारखंड के स्टॉल को प्रथम पुरस्कार दिया गया। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में मत्स्य विभाग, झारखंड के तरफ से स्टॉल लगा कर राज्य में संचालित कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। साथ ही तकनीकी सत्र में डॉ एचएन द्विवेदी ने प्रस्तुति भी दी।

इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकए विभिन्न राज्यों के मत्स्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। प्रथम दिन इस कार्यक्रम उदघाटन मंत्री परषोत्तम रूपाला ने किया। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से काफी संख्या में मत्स्य पालन विभाग के पदाधिकारी वैज्ञानिक सहित अन्य उपस्थित रहे। झारखंड के स्टॉल को राज्यों की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार डॉ जेके जेना के द्वारा दिया गया। झारखंड के स्टॉल को प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने पर मत्स्य निदेशक ने विभाग के सभी कर्मियों को बधाई दी।

# पारस हॉस्पिटल में जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी से किडनी फेल मरीज की बचायी गयी जान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के एचईसी पारस अस्पताल में हार्ट अटैक से पीड़ित किडनी फेल्योर 68 वर्षीय पुरुष मरीज की जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी की गई। इससे मरीज की जान बच गई। इमरजेंसी में आए पुरुष को पारस अस्पताल के एडवांस कार्डियक विभाग में भर्ती कराया गया है। डॉ. महेश कुशवाहा ने कहा कि जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी की नई तकनीक है, जो आने वाले भविष्य में विशेष रूप से किडनी फेल्योर वाले उच्च जोखिम वाले रोगियों के लिए वरदान साबित होगी। जिन्हें एंजियोप्लास्टी से गुजरना पड़ता है। इस विधि से किडनी फेल्योर के मरीजों पर एंजियोप्लास्टी की जा सकती है। डॉ. कुशवाहा ने बताया कि किडनी मरीजों में स्थायी डायलिसिस पर जाने का डर बना रहता है, लेकिन जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी से इससे बचा जा सकता है, ताकि मरीजों को लंबा जीवन जीने में मदद मिलेगी। इस पद्धति से किडनी फेल्योर मरीज को बचाया जा सकता है। यह पहले से मौजूद किडनी फेल्योर वाले रोगियों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है।

# रांची के 144 ट्रैफिक पुलिसकर्मी इधर से उधर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के विभिन्न ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात 144 पुलिसकर्मियों को इधर से उधर किया गया है। चुटिया (कोतवाली) यातायात थाना के विभिन्न पोस्ट पर 37 पुलिसकर्मी, जगरनाथपुर यातायात थाना के विभिन्न पोस्ट पर 51, गोंदा यातायात थाना के विभिन्न पोस्ट पर 31 और लालपुर यातायात थाना के विभिन्न पोस्ट पर 25 पुलिसकर्मी को प्रतिनियुक्त किया गया है।

ग गौरतलब हो कि बीते साल दिसंबर में यातायात में प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों को एक पोस्ट से दूसरे पोस्ट पर स्थानांतरण का पुलिस मेन्स एसोसिएशन की रांची शाखा ने आग्रह किया था। रांची एसएसपी को लिखे पत्र में कहा था कि रांची जिला यातायात में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी, कर्मी लगातार करीब एक वर्ष से एक ही पोस्ट पर अपने कर्तव्य का अनुपालन कर रहे हैं। जिस कारण पुलिसकर्मियों में आपसी भाईचारे के संबंध में समस्या उत्पन्न हो रही है।

पूर्व में यातायात में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों को एक पोस्ट से दूसरे पोस्ट पर स्थानांतरण समय-समय पर किया जाता रहा है तथा ज्यादा दिन तक एक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त रहना सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों के लिए ठीक नहीं है। ऐसे में यातायात में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों को एक पोस्ट से दूसरे पोस्ट पर स्थानांतरण किया जाए।

## मनोज कुमार बने सुखदेव नगर थानेदार

**रांची।** रांची एसएसपी ने पांच पुलिस अधिकारियों की पोस्टिंग की है। कई दिनों से कई थाने में थानेदार का पद खाली चल रहा था, जिसके बाद रांची एसएसपी ने आदेश जारी किया है। मनोज कुमार को पुलिस केंद्र से थाना प्रभारी सुखदेव नगर बनाया गया है। बाबूराम भगत को पुलिस केंद्र से हिंदपीढ़ी का थानेदार बनाया गया है। खुशबू वर्मा को बुंडू के महिला थाना प्रभारी बनाया गया है।

# समाजसेवी महताब अंसारी जेएमएम में शामिल

खबर मत्र संवाददाता



**रांची।** बड़गाई निवासी समाज सेवी महताब अंसारी रविवार को अपने समर्थको के साथ सीएम आवास में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन एवं राज्यसभ सांसद महुआ माजी की मौजूदगी में जेएमएम पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर महताब अंसारी ने कहा कि जेएमएम पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो दबे, कुचले, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक सभी को अपने साथ लेकर चलने की काम करती है। इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे, रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। महताब अंसारी को पार्टी में शामिल होने पर कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने फुल माला पहनाकर स्वागत किया।

## सदान मोर्चा की 27 को होने वाले अधिकार मार्च को लेकर हुंडरू में तैयारी बैठक

# सदानों को दोएम दर्जा का नागरिक बना दिया गया : राजेंद्र प्रसाद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के तत्वावधान में आने वाले दिनांक 27 फरवरी 2024 को मोराबादी रांची में प्रस्तावित अधिकार मार्च की तैयारी को लेकर आज हुंडरू में बैठक हुई। इसमें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता लक्ष्मण साहू, मूलवासी सदानों मोर्चा के द्वारा 27 फरवरी को रांची के मोराबादी मैदान स्थित गांधी प्रतिम से राजभवन तक विशाल अधिकार मार्च आयोजित की गई है। इस अधिकार मार्च में राज्य के समस्त जिलों के सदान शामिल होंगे। इस मौके पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि राज्य में बनने वाली सभी सरकार ने मूलवासी सदानों को दोयम दर्जा का नागरिक बना दिया है। उन्होंने कहा इससे अब हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगें। कहा सरकारों ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सदानों को अधिकार लेना है तो संगठित होकर अधिकारों के लिए सड़क पर उतरना होगा। तब ही मूलवासी सदानों को अधिकार मिलेगा।

### छीने जा रहे हैं सदानों के अधिकार

उन्होंने कहा राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में बाहरी उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाकर सदानों के अधिकार को छीनने ने का काम रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में सदानों की आबादी 65% है लेकिन हम अपने वोट का महत्व को नहीं समझ पाए, जिसका लाभ राजनीतिक दल उठा रहे हैं। आरती कुमारी ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल प्रश्न पत्र लीक होने से झारखंडी और सदानों का अधिकार मरा गया।

बैठक में आरती देवी, आरती कुमारी, शांति कुमारी ,संजू देवी, रेखा कुमारी ,शेफाली देवी ,सोनी देवी ,बुधनी देवी ,सुनीता देवी ,मंजू देवी ,बीना देवी, सीता देवी ,सुनीता देवी ,दुर्गा देवी, सुलेखा, तिलेश्वरी देवी, कुर्मी देवी, कमला देवी, केशव देवी ,शोभा कुमारी, पूजा देवी, पार्वती देवी, कलावती देवी, केसरी देवी, राधिका देवी, प्रभादेवी, सरवाला देवी ,आशा देवी ,किरण देवी, निर्मला देवी ,कलावती देवी, केसरी देवी के अलावा सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

# रांची प्रेस क्लब में 8 मार्च से लगाया जायेगा तीन दिवसीय वसंत मेला

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** द रांची प्रेस क्लब द्वारा आगामी 8, 9 और 10 मार्च को वसंत मेला का आयोजन किया जा रहा है। क्लब परिसर में आयोजित होने वाले मेला में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने का मौका मिलेगा। यहां घर के सजावट के समान से लेकर प्रसाधन सामग्री, साड़ी, कुर्ती, बच्चों के लिए कपड़े आदि के कई स्टॉल्स रहेंगे। इसके अलावा फूड जोन रहेगा, जहां देश के हर कोने के व्यंजन का लुफ्त उठाया जा सकेगा। बच्चों के लिए अलग से गेम्स शो का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी क्लब के सचिव अमरकांत ने दी।

उन्होंने बताया कि क्लब द्वारा पहली बार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें क्लब के सदस्यों के अलावा अन्य लोग भाग ले सकते हैं। मेला में प्रवेश निशुल्क रहेगा। वसंत मेला 8 तारीख को दिन के 12:00 बजे शुरू होगा और रात के 8:00 बजे तक चलेगा। उस दिन कवियत्री सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। मेला में स्टॉल की बुकिंग शुरू हो गई है। इसमें भाग लेने के लिए 9430329888, 7004134774, 9835144724, 9304188065 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। मेला को लेकर रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। इसमें करबी दत्ता, रेखा पाठक, सुमेधा चौधरी, शीला कुमारी, प्रतिमा सिंह, नीलू मिश्रा सहित अन्य महिला सदस्यों ने भाग लिया।

स्पीड न्यूज

## मेसरा ओपी प्रभारी का स्वागत



**ओरमांझी।** मेसरा ओपी के नये प्रभारी रोशन कुमार सिंह ने थाना में कार्यभार संभाल लिया गया। थाना में योगदान देने की जानकारी मिलने पर क्षेत्र के कई सामिजक कार्यकर्ता रविवार को थाना पहुंचे और उनका स्वागत किया। वहीं थाना प्रभारी ने लोगों से अपराध मुक्त क्षेत्र बनाने का अहवान किया और कहा समसस्या को लेकर आने वालों का थाना में स्वागत हैं। वहीं विधि-व्यवस्था से संबंधित व क्षेत्र का शांतिभंग करने वालों पर शक्त कार्रवायी की जाएगी। स्वागत करने वालों में महावीर मंडल विकास के अध्यक्ष सह भाजपा नेता कामेश्वर महतो, जिला खेल प्रकोष्ट के संयोजक सह पूर्व सैनिक संजीत सिंह, काली पूजा मेसरा के संयोजक भगवान शेखर, वार्ड सदस्य गुडु कुमार, समाज सेवी साकेत रंजन, प्रमोद मिश्रा सहित कई लोग शामिल थें।

## बेड़ो के जरिया गांव में श्रद्धालुओं की बैठक

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पुरनाजरिया डीह स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर में रविवार को मनोज कुमार साहु की अध्यक्षता में श्रद्धालुओं की एक बैठक हुई। जिसमें आगामी 13 मार्च को बजरंगबली मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान पूजा अर्चनाएहवनएयज्ञए भजन कीर्तनएभोग भंडारा व रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। वहीं मौके पर लक्ष्मण महतोएकमेश्वर महतोए ब्रजेश महतोएराजु महतोएप्रेम महतोए सुरेंद्र महतोएकृष्णा गोप व मन्नू बड़ाईक समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## इस्लाम धर्मावलंबियों ने इबादत में गुजारी रात

**इटकी।** इबादत व मगिफ्रत की रात शब.ए.बारात के मौके पर इस्लाम धर्मावलंबियों ने रविवार की रात इबादत में गुजारी। इशा की नमाज के बाद मुसलमानों ने मस्जिदों में रात भर तिलावतए तस्बीह व नमाज पढ़ कर इबादत की और अपने मगफिरत के लिए दुआ की। जबकि कब्रिस्तान जाकर मरहूमिनो के मगफिरत के लिए दुआ की। इधर महिलाओं ने घरों पर रह कर ही पूरी रात इबादत में गुजरी।

## एतवार बाजार से दो बाइक की चोरी

**रातू।** साप्ताहिक एतवार बाजार अपराधियों का महज अड्डा बन गया है। यहां पलक झपकते ही मोबाइल और बाइक चोरी की परंपरा है। कोई भी सप्ताह ऐसा नहीं, जब दो से चार मोटर साइकिल और मोबाइल की चोरी न होती हो। इससे लोग दहशत में हैं। रविवार की शाम गिरोह के सदस्यों ने अल्कापुरी के बिनोद चौधरी और तिलता चौक निवासी घुरन साहू को निशाना बनाया। श्री चौधरी और साहू पत्नी के साथ साढ़े तीन बजे सब्जी खरीदने बाजार आये। दोनों की मोटर साइकिल क्रमश: जेएच 01 एए 4934 और जेएच 01 एवाई 4970 सड़क किनारे खड़ी थी। आधे घंटे बाद वह वापस लौटे तो बाइक गायब थी। भुक्तभोगियों ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### मातम में बदली खुशियां, बेटी की विदाई से पहले उठी पिता की अर्थी

# हाथी ने किसान को कुचल कर मार डाला



मृतक किसान की फाइल फोटो।



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के खुरहाटोली गांव में एक शादी की खुशियां मातम में उस समय बदल गई। जब बेटी की डोली उठने से पहले मड़वा के ठीक एक दिन पहले पिता को हाथी के कुचलने से मौत हो गई। जैसे ही किसान की मौत का पता चला तो परिवार में कोहराम मच गया। शादी वाले घर में हुए इस हादसे के बाद से मातम पसर गया है। जहां स्वजनों का रो.रोकर बुरा हाल है। घटना बेड़ो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के खुरहाटोली गांव के मसना दरहा गढ़ा के समीप शनिवार की रात लगभग दस बजे अपने बैल को खोजने गए एक 55 वर्षीय किसान मरतू मुंडा को एक विशालकाय जंगली हाथी ने पटक कर बुरी तरह से कुचल दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलते ही रविवार की सुबह पंचायत के मुखिया लक्ष्मी कोयाए पूर्व मुखिया सुनील कच्छपए व वन विभाग के वनरक्षी सुभाष चंद्र प्रामाणिक भूपेंद्र प्रसादए रविशंकर महली व संजय भगत मौके पर पहुंचे। वही किसान की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया है। इधर जंगली हाथी को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने मृतक के स्वजनों को तत्काल 25 हजार रुपये सहायता राशि दिया। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि शनिवार की शाम तक एक बैल वापस नहीं लौटा तो उसकी खोज में मरतू मुंडा नदी की ओर निकल पड़ा। तब तक उसे पता नहीं था की जंगली हाथी का इस क्षेत्र में आगमन हो चुका है। इसी दौरान अचानक एक जंगली हाथी ने उसपर हमला कर दिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घर में मृतक की पत्नी पाल्हो मुंडाईनए उसके तीनों पुत्र रामपाल मुंडा विजय मुंडा तथा प्रकाश मुंडा व बेटियों शनियारों एवं जीतन की रो.रो कर बुरा हाल है। वही बेड़ो पुलिस घटनास्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा दिया।

### प्रति वर्ष बर्बाद होते हैं घर व फसल

हाथियों द्वारा ग्रामीणों के प्रत्येक वर्ष लाखो रुपये के घर व फसल बर्बाद कर दिया जाता है। सबसे दुखद बात यह है कि हाथियों के खौफ से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा कोई सार्थक पहल अब तक नही किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में प्रशासन एवं विभाग के प्रति रोष व्याप्त है।

### हाथी ने जमकर मचाया उत्पात

प्रखंड के खुरहाटोली गांव में शनिवार की रात एक विशालकाय जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। जहां हाथी ने मृतक मरतू मुंडा सहित सात किसानों मनोज मुंडाए लोहरा उरांवए गइन्द्र मुंडाए शालू मुंडाए बुतरू मुंडाए मोडल मुंडा के गेंहू के फसल को खाकर व रौंदकर कर बर्बाद कर दिया है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि वे लोग प्रत्येक वर्ष अपने खेत में हाड़तोड़ मेहनत करके खून पसीने की कमाई से फसल लगाते हैं मगर हाथियों द्वारा हर साल फसलों को रौंद दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग सिर्फ हाथी भगाने के नाम पर खानापूर्ति करती है। और जिस समय हाथी नुकसान पहुंचाता हैए उसी समय वन कर्मियों द्वारा ग्रामीणों से सहानुभूति दिखाया जाता है। बाद में आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिलता।

## खलारी : बमने गांव में कुएं से महिला का शव बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के बमने पाही ग्राम में एक महिला का शव कुंआ में मिला। जानकरी के अनुसार बुढ़मू व खलारी थाना क्षेत्र के सीमांत पर पाही ग्राम जंगल के सामने एक कुआं में महिला का शव खलारी पुलिस ने बरामद किया। पुलिस के अनुसार मृतक महिला का पहचान जगनी देवी ;लगभग 26 वर्षद्ध पति रामेश्वर बैठा ग्राम अखतान टोला सोलपाटन सारले बुढ़मू जिला राँची के रूप में किया गया। मृतक महिला का शव पानी से फूल कर ऊपर आ गया था। बताया कि महिला का शव पांच से सात दिनों तक कुआं में रहने से बॉडी फूल गया। जिससे हत्या या आत्महत्या का पता नही चल पा रहा है। कुछ दिन बाद बकरी चराने गए ग्रामीणों ने कुआं में देखा तो एक महिला का शव पानी में तैरता हुआ मिला। इसके बाद शव मिलने की सूचना खलारी पुलिस को दिया गया। सूचना पाकर पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव को कुआं से निकाला गया। ग्रामीण बता रहे थे कि महिला अपने घर से आठ दिनों से लड़ झगड़ के निकली थी। उसके बाद से मृतिका के पति के द्वारा खोज बिन किया जा रहा था। उधर खलारी पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच कर रही हैएकि हत्या या आत्महत्या है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर खत्री खटंगा मोड़ स्थित पुल के समीप रविवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से करांजी बेड़ो निवासी बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 18 वर्षीय अगसतुस तिर्की पिता व्यस्तर तिर्की व 16 वर्षीय अनुज तिर्की पिता राजेश तिर्की है। जिन्हें ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल अगसतुस तिर्की को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक इडरी गांव जा रहे थे।

## कैलाशपति मिश्र की लगेगी प्रतिमा : संजय सेठ

### सांसद ने दलादिली में सहजानंद भवन की रखी आधारशिला

- 51 लाख की आयेगी लागत, पहली किस्त दिये 11 लाख

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सांसद संजय सेठ ने रविवार को दलादिली में सहजानंद ब्रह्मर्षि भवन की आधारशिला रखी। इसके निर्माण में 51 लाख की लागत आयेगी। श्री सेठ ने 11 लाख की पहली किस्त दी। समारोह में उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी और किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती की स्मृति में भवन निर्माण की घोषणा की थी। श्री सेठ ने कहा कि उनकी जीत पर सबसे पहले ब्रह्मर्षि समाज की ओर से सम्मानित किया गया था। उन्होंने भाजपा के पूर्व अध्यक्ष स्व कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा लगाये जाने की बात कही। इससे पूर्व जमीन दानकर्ता कामेश्वर ओझा, जनार्दन ओझा व उमेश्वर ओझा को माला भेंट की गयी। स्वागत भाषण हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ जेबी पांडेय ने दिया। संचालन ब्रजेश शर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिव कुमार सिंह ने दिया।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

जदयू की प्रदेश अध्यक्ष आशा शर्मा, पूर्व विधायक विष्णु भैया की पुत्री सुजाता भैया, भाजपा नेत्री नेहा सिंह व सुमन मिश्र, उमेश राय, नीरज शर्मा, रामानुज शर्मा, डॉ अभिषेक रामाधीन, भीम प्रभाकर, राज कुमार, मैनेजर राय, रामकुमार चौधरी, अरुण शर्मा, रामाशीष सिंह, रमाकांत आनंद, धनंजय कुमार, अजय सिंह, धर्मेंद्र कुमार, मृत्युंजय शर्मा, शैलेश शर्मा, शशिकांत सिंह, शिवशंकर सिंह तथा रत्नेश कुमार आदि।

## कपड़ा बैंक ने बांटे 350 कंबल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** कपड़ा बैंक बेड़ो की टीम के द्वारा कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में कदल गांव में रविवार को 350 जरूरतमंदों के बीच कपड़ों एवं कंबल का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा की कपड़ा बैंक पिछले चार वर्षों से लगातार जरूरतमंदों के बीच नए पुराने कपड़े का वितरण करती आ रही हैं। कपड़ा बैंक लोगों के सहयोग से ही चल रहा है जिन लोगों के पास घर में अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में जमा करते हैं जिसे कपड़ा बैंक के सदस्य सुदूर गांव में जाकर जरूरतमंदों के बीच कपड़ा को वितरित करती है। जिससे उन कपड़ों का सही उपयोग हो जाता है जो लोगों के लिए अनुपयोगी हो गए हैं जिसे लोग मुख्यतया फेक दिया करते हैं। पर वही कपड़ा किसी अन्य के लिए जरूरत होती है जहां तक लोग पहुंचा नहीं पाते हैं। हम उन कपड़ों को लोगों तक पहुंचाते हैं उन कपड़ों को पाकर लोगों के चेहरे में जो खुशी दिखती है यही कपड़ा बैंक की सफलता है और यही कपड़ा बैंक के सदस्यों को निरंतर इस कार्य को करते रहने की प्रेरणा देती है और खुशी देती है। एक मनुष्य का कर्तव्य सिर्फ अपने और अपने परिवार तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि समाज के प्रति भी होनी चाहिए और कपड़ा बैंक के सदस्य बिना स्वार्थ के निरंतर इस कार्य में अपने निजी कार्यों से समय निकालकर करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील किया है की जिनके घरों में अनुपयोगी कपड़े होते हैं वो कपड़ा बैंक में जमा कर दें जिससे अधिक से अधिक लोगों को सहयोग किया जा सके।

## कईली दई कुड़ुख आवासीय विद्यालय का मना वार्षिकोत्सव



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** मनखा मुंडा स्थित कईली दई कुड़ुख आवासीय विद्यालय का चौथा वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन 12 पड़हा बेल सोहराई उरांव 7 पड़हा बेल जीतू उरांव 27 पड़हा कोटवार गजेंद्र उरांव सौंसे खेखेल राजी आदिवासी परदाना खोड़हा बेड़ो के अध्यक्ष सुका उरांव सचिव बंधना उरांव व प्रधानाध्यापक पंकज कुजूर ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। इधर स्कूल परिसर में बच्चों व अभिभावकों के लिए चिकित्सा शिविर लगाया गया था। मौके पर पूनम उरांव अंजू उरांव उषा उरांव सुषमा उरांव प्रमिला उरांव सोमा उरांव व रमेश उरांव मौजूद थे।

## हुंडरू फॉल में चला स्वच्छता अभियान

**सिकिदिरी।** हुंडरू फॉल में रविवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभागए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण झारखंड सरकारएडीआरडीएए एचडीएफसी बैंक और सीईई नीडस के सौजन्य से प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान हुण्डरु फॉल मुख्य द्वार के बाहर एवं पुल के दूसरी छोर व नदी के किनारे चलाया गया। बताया गया कि मुक्त बनाने के लिए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कुच्चू पंचायत के सभी गांव में स्वच्छता व जागरुकता अभियान चलाया जाएगा । गावों में वेस्ट प्लास्टिक को जमा करके पंचायत स्तर में एकत्रित किया जाएगा और रिसाईकिलिगं किया जाएगा।

## एक नजर में

### रानीडीह में हाथियों ने मचाया उत्पात घर की दीवार तोड़ खा गये अनाज



**इटकी।** प्रखंड के रानीडीह गांव में जंगली हाथियों ने उत्पात मचाते हुए एक घर की दीवार ध्वस्त कर दिया और घर मे रखे धान को अपना आहार बनाया। हाथियों ने किसानों के खेतों में लगी गेहूं के फसल को खा कर और पैरों से रौंद कर बर्बाद कर दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात दो जंगली हाथियों का दल इटकी प्रखंड के रानीडीह गांव पहुंचा और उत्पात मचाते हुए भद्दु उरांव के घर के दीवार को ध्वस्त कर दिया। घर मे रखे धान को चट कर गया। दीवार गिरने से घर के अंदर रखे बक्सा एबर्तन क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा हाथियों ने कुंबाटोली के लल्लू गोप के खेत मे लगी गेहूं की फसल को अपना निवाला बनाया और पैरों से रौंद कर बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर होहल्ला कर हाथियों को किसी तरह गांव से खदेड़ा। जंगली हाथियों के आने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। इटकी जिप सदस्य रीना देवी ने क्षतिग्रस्त मकान का निरीक्षण किया और वन विभाग के अधिकारियों से शीघ्र मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

### नवाडीह के ग्रामीणों ने लगाया अबुआ आवास वितरण में गड़बड़ी का आरोप



**खलारी।** खलारी प्रखण्ड में अबुआ आवास योजना अंतर्गत पहला सूची में आवास विहीन लोगो का सूची में नाम नही रहने से चयन कताओं के ऊपर भारी गड़बड़ी का आरोप लगाया जा रहा है। इस बार प्रखंड के लपरा पंचायत के नवाडीह ग्राम में मोना टोला में वार्ड सदस्य तारा देवी के अध्यक्षता में बैठक कर आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया। बैठक में नवाडीह ग्राम के मोना टोला में वैसे आवास विहीन एसटी एसी का लिस्ट में नाम नही रहने से रोष प्रकट किया गया। साथ ही जांच करने की मांग किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि अबुआ आवास में लाभुको के चयन में गड़बड़ी की गई है। यही कारण है कि नवाडीह जैसे भारी आबादी वाले गांव में मात्र चार पांच लोगों की सूची में नाम है। जबकि गांव में अधिकांश एससी एसटी वर्ग के लोग हैं। जिनका रहने के लिए ठीक से घर नही है। जिसका ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया जाएगा।

### लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर बैठक



**खलारी।** राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे लाभार्थी संपर्क अभियान के निमित भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल का बैठक मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में खलारी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में की गई। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी सह पूर्व जिलाध्यक्ष रांची महानगरए के के गुप्ताए एवम कार्यक्रम के मंडल संयोजक खलारी मंडल उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे। पूर्व जिलाध्यक्ष के के गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए पत्रक को देने का आग्रह किया। कार्यक्रम 1 मार्च से 4 मार्च तक पूरे देश में चलाया जाएगा। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री कार्तिक पांडे ने एवम धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी मोर्चा महामंत्री रितेश केसरी ने किया। बैठक में अरविंद सिंह फुलेश्वर महतो भरत रजक प्रीतम साहू आनंद सिंह किरण देवी सिन्नी समाड आनंद सिंह नागदेव सिंह, कुलदीप लोहराए शत्रुंजय सिंह प्रदीप ठाकुर श्याम सुंदर सिंह कमलेश महतो संजीत तुरी आदि उपस्थित थे।

### नगड़ी में झामुमो ने निकाली न्याय यात्रा

**पिस्कानगड़ी।** झामुमो नगड़ी प्रखंड कमेटी के बैनर तले रविवार को हेमंत सोरेन के रिहाई की मांग को लेकर नगड़ी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में न्याय यात्रा निकाला गया न्याय यात्रा का शुभारंभ नगडी पंचायत से किया गया। इस अवसर पर ज़िला उपाध्यक्ष रातू नगडी प्रखंड प्रभारी कलाम आजाद ने कहा कि जब तक हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को रिहा नही किया जाता है तब तक हमारा आंदोलन चलता रहेगा।

## सामाजिक चिंतन करने वाले जलाते हैं शिक्षा का दीप

### वार्षिकोत्सव



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ पढाई नही चरित्र व राष्ट्र निर्माण भी होना चाहिए। पैसा कमाने वाले फैक्ट्री खोलते हैं और व्यवसाय करते हैं। वहीं समाज की चिंतन करने वाले षिक्षण संस्थान खोलते हैं। उक्त बाते रविवार को उदय मेमोरियल बीएड कालेज व उदय विद्या निकेत केदल रांची का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कही। उन्होनें पूर्व सांसद रामटहल चैधरी व कालेज के सचिव संतोष महतो के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले कालेज के विद्यार्थियों व स्कूली छात्रों को सम्मानित किया। वयवसायी, राजनीति व सामाजिक कार्यकर्ताओं से समाज निर्माण में योगदान करने की अपील किया। कहा देश के सार्वांगिन विकास में सभी की भागिदारी महत्वपूर्ण है। उन्होने संस्थान में अंषदान करने की इच्छा जताई और कहा उदय मेमोरियल बीएड कालेज व उदय विद्या निकेतन में पढ़ने वाले ज्यादातर गरीब परिवार के बच्चें हैं। इससे पूर्व कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा नागपुरी, संथाली, आसामी, मराठी, संबलपुरी सहित विभिन्न राज्यों के नृत्य व नाटय के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और उदय विद्या निकेतन के नन्हे-मुन्हे बच्चों द्वारा कई मनमोहक नृत्य प्रस्तुति किया गया। अतिथियों के साथ उपस्थिति अभिभावकों ने ताली बजा कर छात्राओं व बच्चों की आकर्षक नृत्य प्रस्तुति की सरहाना की। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, निदेशक राजेश कंडरवार, सचिव संतोष महतो, रूपेश कुमार आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम संचालन ऑल इंडिया रेडियो के कलाकर सत्यजीत पाल, संचाली नाग, दिव्या सोरेंग, अनमोल टोप्पो, जयंति मिंज, अरविंद बारला, व राजेन्द्र बेदिया ने किया। प्रमुख सोमनाथ मुंडा, प्रचार्य डा चंदन कुमार पंकज, उपप्राचार्य दयामनी कुमारी, जनसूचना पदाधिकारी मुकेश कुमार कंडरवार, रूपेश कुमार कंडरवार मौजूद थे।

## गेल इंडिया सीएनजी गैस कंपनी ने हड़प ली चरवाहा विद्यालय की जमीन

### लालू यादव ने झिरी में बनवाया था चरवाहा विद्यालय



खंडहर में तब्दील चरवाहा विद्यालय।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** अंचल के झिरी स्थित चरवाहा विद्यालय की जमीन को गेल इंडिया सीएनजी गैस कंपनी ने हड़प ली। भवन को क्षतिग्रस्त कर प्लांट बना दिया। जबकि शेष कमरे खंडहर में तब्दील हो गये हैं, जहां स्टोर और मजदूरों का आशियाना है। लेकिन राज्य की चंपई सोरेन सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है। भवन का निर्माण 1990 के दशक में अखंड बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने महत्त्वा कांक्षी योजना के तहत कराया और 25 जनवरी 1991 को खुद इसका उद्घाटन भी किया था। जिला प्रशासन की लापरवाही से करोड़ों का भूखंड और भवन बर्बाद हो गया। विद्यालय की जमीन पर कंपनी के अवैध कब्जे की उच्च स्तरीय जांच से कई अधिकारी घेरे में आ सकते हैं। मामले की गंभीरता को लेकर कंपनी के अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गयी, किंतु संपर्क नहीं हो सका।

### कंपनी को कैसे मिली जमीन

चार साल पहले यहां भाजपा की सरकार थी। कंपनी ने पार्टी के केंद्रीय नेताओं की मदद से प्लांट के लिये जमीन मांगी। तत्कालीन राजस्व मंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने गेल इंडिया को भूखड उपलब्ध कराया। यहां परियोजना स्थापित होने के साथ ही विद्यालय का अस्तित्व समाप्त हो गया है। इसे लेकर लोगों में आक्रोश है।

### परिषद के जिम्मे था स्कूल

शुरुआती दौर में विद्यालय संचालन की जिम्मेवारी अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद को दी गयी थी। परिषद की ओर से कई वर्षों तक स्कूल निर्वाध रूप से चला। दर्जनों चरवाहा बच्चों ने अपना नामांकन कराया। सरकार ने शिक्षक की बहाली की। इसके उपरांत, जिला प्रशासन ने इसे अपने अधीन कर लिया।

